प्रेस विज्ञप्ति

यूसी ब्राउज़र ने भारत का पहला केवल महिलाओं का मोबाइल न्यूज़ चैनल लांच किया

नयी दिल्ली, 12 अप्रैल, 2018: अलीबाबा डिजिटल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप के यूसी बिज़नेस ग्रुप से भारत के नंबर 1 मोबाइल ब्राउज़र यूसी ब्राउज़र ने एक सिंगल प्लेटफॉर्म पर महिलाओं से जुड़े सर्वोत्तम कंटेंट पेश करने के उद्देश्य से महिलाओं के लिए समर्पित एक नया चैनल लांच किया है। यूसी ब्राउज़र ने शिक्षा, स्वास्थ्य, फैशन, लाइफस्टाइल, रिश्ते एवं अन्य क्षेत्रों में महिला उन्मुखी खबरों और सूचनाओं की पेशकश करने के लिए चुनिंदा मीडिया संगठनों और यूसी वी–मीडिया ब्लॉगरों के साथ साझीदारी की है। यूसी ब्राउज़र ने अपने प्लेटफॉर्म पर महिलाओं की प्रेरणादायक दास्तां प्रकाशित करने के उद्देश्य से असल जिंदगी की 20 असाधारण महिलाओं का चयन करने के लिए एक अभियान भी शुरू किया है।

यूसी ब्राउज़र के पास एक अलग वर्ग है जो उन शक्तिशाली महिलाओं के लिए समर्पित है जो अपनी सीमाएं लांघने और इस प्रक्रिया में लाखों लोगों को प्रेरित करने में सफल रहीं। इस अभियान की शुरुआत आरजे सुदीप्ता और एसिड हमले की पीड़िता लक्ष्मी ने की। आरजे सुदीप्ता की कहानी लाखों लोगों के लिए बहुत प्रेरणादायक है। सुदीप्ता विश्वास से लबरेज एक रेडियो जॉकी हैं जिन्होंने अपने भारी भरकम शरीर का वज़न घटाया और इस प्रक्रिया में महिलाओं को फिटनेस के प्रति सकारात्मक नजरिया अपनाने को प्रेरित किया। लक्ष्मी का कभी न छोड़ने वाले जोश को रेखांकित करते हुए यह चैनल सैकड़ों गुमनाम साहसी महिलाओं को अपनी आवाज़ दे रहा है और किसी न किसी तरह से उनकी जिंदगी में अंतर ला रहा है।

यूसी ब्राउज़र इस अभियान में हिस्सा लेने के लिए फैशन, फिटनेस, उद्यमशीलता, मीडिया जैसे विभिन्न क्षेत्रों से महिलाओं को निमंत्रण दे रहा है। आप ucsheroes@list.alibaba-inc.com पर ईमेल भेजकर अपने प्रेरणादायी महिला हीरो की कहानी साझा कर सकते हैं। आप परिवार के सदस्य, मित्र या एक परिचित व्यक्ति को भी नामित कर सकते हैं। यूसी ब्राउज़र निम्नलिखित को तलाश रहा है:

- अपने क्षेत्र में कुछ बड़ा करने वाली सफल महिलाएं
- ऐसी महिलाएं जो कठिनाइयों के बावजूद मजबूती से उभरकर ताकतवर बनी हैं

- अपने जीवन में एक हीरो बनने के लिए खुद को साबित करने वाली साधारण महिलाएं

वर्तमान में, महिलाओं का यह चैनल हिंदी भाषा में उपलब्ध है, जबकि अंग्रेजी चैनल जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा। साहसी महिलाआओं की प्रेरणादायी कहानियों के अलावा यह चैनल मदर्स डे जैसे खास मौकों को भी प्रोत्साहित करेगा जिसके अंतर्गत ऐसे विषयों पर चर्चा कराई जाएगी और महिलाओं के कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए यूज़र्स को शामिल किया जाएगा।

यूसीवेब के बारे में

अलीबाबा डिजिटल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप के भीतर कंपनी यूसीवेब इंक (यूसीवेब) मोबाइल इंटरनेट साफ्टवेयर और सेवाएं उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी है। 2004 में स्थापित यूसीवेब का उद्देश्य दुनियाभर के लोगों को बेहतर मोबाइल इंटरनेट का अनुभव उपलब्ध कराना रहा है। यूसीवेब के अंतरराष्ट्रीय उत्पाद पोर्टफोलियो में यूसी ब्राउज़र (मोबाइल ब्राउजिंग सेवा), यूसी न्यूज (कंटेंट वितरक), 9 ऐप्स (एंड्रॉयड ऐप स्टोर), यूसी यूनियन (मोबाइल ट्रैफिक एंड मोनेटाइज़ेशन प्लेटफॉर्म) आदि शामिल हैं। यूसी ब्राउज़र विश्व के शीर्ष 3 मोबाइल ब्राउज़र्स (स्टैटकाउंटर के मुताबिक) में से एक है।यूसी ब्राउज़र के मासिक सक्रिय यूज़र्स की संख्या 43 करोड़ पहुंच गई, जबकि 9Apps के यूज़र्स की संख्या 25 करोड़ से अधिक है। यूसीवेब और इसके उत्पादों के बारे में अतिरिक्त सूचना www.ucweb.com वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

For Media Queries:
Ishneet Sachdeva/ Ashwani Gupta
Kommune Brand Communications
M: 9619194346/ 9818745476
E:ishneet@kommune.in/ ashwani@kommune.in